**विद्युत प्रशिक्षण संस्थान**
(उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड)
सरोजनी नगर, लखनऊ।
ई–मेल : etiuppcl@gmail.com

**Electricity Training Institute**
(Uttar Pradesh Power Corporation Ltd.)
Sarojini Nagar, Lucknow
E-mail : etiuppcl@gmail.com

पत्रांक : **04**/वि0प्र0सं0/व्यवसायिक परीक्षा/जून–2023 दिनांक : **16.05.2023**

प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल, वाराणसी/पश्चिमांचल, मेरठ/मध्यॉंचल, लखनऊ/ दक्षिणॉंचल, आगरा/ केस्को, कानपुर
निदेशक (का0प्रब0एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/उ0प्र0ज0वि0नि0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ
समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण/पारेषण)

**विषय : अभियन्ता अधिकारियों (विद्युत एवं यांत्रिकी/जानपद संवर्ग) की व्यावसायिक परीक्षा भाग–1 व 2**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि व्यवसायिक परीक्षा वर्ष में 2 बार में आयोजित की जाती है। पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष–2023 में प्रथम छमाही की परीक्षा जून–2023 में दिनांक **09.06.2023** को आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। प्रथम छमाही की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ता अधिकारी उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **www.uppcl.org or upenrgy.in** पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com** पर **online** अपना आवेदन–पत्र भरकर संलग्न प्रमाण–पत्रों को अपने नियन्त्रक अधिकारी से प्रमाणित कराकर अपलोड कर आवेदन करना सुनिश्चित करें। उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 02.06.2023 को सायं 5:00 बजे** तक है। **लिंक द्वारा केवल online के माध्यम से submit आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे।**

(1) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व भाग–2 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है :–

| |
|---|
| **विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ** : समस्त अधिकारी जो मध्यॉंचल/शक्ति भवन, लखनऊ/लखनऊ जनपद की अन्य इकाईयां/केस्को, कानपुर/पारेषण (मध्य) एवं एस0एल0डी0सी0, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| **पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युत कालोनी, डीएलडब्ल्यू, वाराणसी** : समस्त अधिकारी जो पूर्वान्चल वि0वि0नि0लि0, वाराणसी/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पूर्व, प्रयागराज/उत्तर–पूर्व, गोरखपुर) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| **पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ** : समस्त अधिकारी जो पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि0, मेरठ/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम, मेरठ) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| **दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा** : समस्त अधिकारी जो दक्षिणांचल वि0वि0नि0लि0, आगरा/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पश्चिम, आगरा/दक्षिण–मध्य, झांसी) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |

(2) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 हेतु योग्यता प्रमाण–पत्र एवं लेखा कार्य निपुणता प्रमाण–पत्र तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 हेतु केवल योग्यता प्रमाण–पत्र जिनका प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है, को पूर्ण कर उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com** पर अपलोड किया जाना तथा उपरोक्त लिंक के माध्यम से पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन की डाउनलोड प्रति एवं अपलोड किये गये संलग्नकों (प्रमाण–पत्रों) की मूल प्रति परीक्षा के समय साथ में लाना अनिवार्य है।

(3) सहायक अभियन्ता–प्रशिक्षु जो प्रशिक्षण काल में चल रहें हैं वह व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में सम्मिलित नही किये जायेंगे।

(4) व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में वही अभियन्ता भाग ले सकते हैं जिन्होंने व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 उत्तीर्ण कर लिया हो तथा सहायक अभियन्ता की कार्यभार ग्रहण तिथि से सहायक अभियन्ता अथवा सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता (दोनों पदों की सेवा मिलाकर) पद पर 8 वर्ष की सेवा **दिनांक 31.05.2023 तक** पूर्ण कर ली हो।

—2/

Scanned with OKEN Scanner

(5) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में तकनीकी एवं लेखा से सम्बन्धित पृथक–पृथक प्रश्न–पत्र होंगे तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में केवल एक प्रश्न–पत्र होगा जिसमें तकनीकी एवं लेखा दोनों विषयों के प्रश्न सम्मिलित होंगे।

(6) प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र हेतु अधिकतम 100 अंक तथा मौखिक परीक्षा हेतु अधिकतम 30 अंक निर्धारित किये गये हैं।

(7) परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 (40 प्रतिशत) अंक एवं मौखिक परीक्षा में न्यूनतम 15 (50 प्रतिशत) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मौखिक परीक्षा में भी प्रतिभाग लेना अनिवार्य है। मौखिक परीक्षा में प्रतिभाग न करने वाले को अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ अभियन्ता अधिकारियों में व्यापक प्रचार–प्रसार इस प्रकार करें कि परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ताओं के प्रार्थना–पत्र विद्युत प्रशिक्षण संस्थान के लिये उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **www.uppcl.org or upenrgy.in** पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com** के माध्यम से **दिनांक 02.06.2023 को सायं 5:00 बजे** तक अवश्य प्राप्त हो जायें। यह भी अवगत कराना है कि **विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को By Hand/By Post व अन्य किसी माध्यम द्वारा प्रेषित आवेदन–पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नही किया जायेगा**। आवेदन–पत्र उपलब्ध लिंक पर भरने हेतु किसी भी जानकारी के लिये मोबाइल नं0 **9453945450** एवं **9648227577** पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। लिंक वेब–साइट पर दिनांक **19.05.2023** से उपलब्ध होगा।

भवदीय

(महेन्द्र सिंह)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति

पत्रांक : **04**/वि0प्र0सं0(ल0)/व्यवसायिक परीक्षा/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, सरोजनी नगर, लखनऊ।

(2) श्री अजय अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता (स्तर–2), ऊर्जा ऑडिट एवं लेखा निदेशालय, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ, अध्यक्ष, व्यवसायिक परीक्षा समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।

(3) श्री अनिल कुमार, अधीक्षण अभियन्ता (मु0) कार्यालय मु0अभि0 (जल विद्युत), सदस्य, व्यवसायिक परीक्षा समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

(4) श्री गगन विहारी श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता (जानपद), म0वि0वि0नि0लि0, सदस्य, व्यवसायिक परीक्षा समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।

(5) मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–प्रथम/द्वितीय), शक्ति भवन, लखनऊ।

(6) उपमहाप्रबन्धक (का0 एवं प्रशा0), उ0प्र0जल विद्युत निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

(7) समस्त अधीक्षण अभियन्ता (जानपद पारेषण), शक्ति भवन, लखनऊ।

(8) विद्युत पारेषण मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।

(9) विद्युत वितरण मंडलों/कार्य मंडलों/भण्डार मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।

(10) अधिशासी अभियन्ता एवं आहरण–वितरण अधिकारी, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।

(11) सहायक अभियन्ता, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।

(12) अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या 407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 की वेब–साइट पर अपलोड कर व्यवसायिक परीक्षा आवेदन हेतु वेब–साइट **http://etilucknow.infogurunet.com** में जाने के लिये एक लिंक तथा संलग्न प्रपत्र (प्रमाण–पत्रों हेतु प्रारूप) को पी0डी0एफ0 फार्म में डाउनलोड करने हेतु उ0प्र0पा0का0लि0 की वेब–साइट पर उपलब्ध कराने की कृपा करें।

(महेन्द्र सिंह)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति

Scanned with OKEN Scanner